## कार्यालय पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी।

पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी जोगेन्द्र कुमार के कुशल निर्देशन में झाँसी परिक्षेत्र के अधीनस्थ जनपद ललितपुर/जालौन द्वारा किये गये सराहनीय कार्य व घटनाओं के अनावरण का दैनिक समाचार पत्रों में प्रमुखता से किया गया प्रकाशनः–

जनपद–ललितपुर

# पुरस्कार घोषित आरोपी अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

ललितपुर। फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जमा तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक के निर्देशन में चलाये गये अभियान तलाश व गिरफ्तारी वांछित अपराधी वारंटी के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट कुलदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उ0नि0 प्रवीन कुमार मय हमराह पुलिस बल के अंदर इलाका थाना क्षेत्र में मामूर थे कि मुखबिर खास से सूचना मिली कि



साहब क्षेत्राधिकारी के मुकदमे का वांछित/पुरष्कार घोषित (15000 रु0) अभियुक्त पुण्यपाल मजरा नयाखेडा पुलिया पर बैठा है तथा अपने घर आने की फिराक में है यदि शीघ्रता की जाए तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर अभियुक्त पुण्यपाल उर्फ पुण्यप्रताप सिंह पुत्र श्री भूपत सिंह नि0 ग्राम असऊपुरा मजरा गुर्जा थाना तालबेहट जनपद-अक्टूबर ललितपुर उम्र करीब 42 वर्ष को 30. सितंबर को समय करीब 22:30 बजे नया खेडा पुलिया से करीब 50 मीटर पहले बहद ग्राम असऊपुरा थाना तालबेहट से हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त की जामा तलाशी से एक देशी तमचा 315 बोर चालू हालत में तथा दो जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए थे। अभियुक्त से बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 344 / 23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

जनपद–ललितपुर

# 15 हजार का इनामी बदमाश अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार

तालबेहट(ललितपुर): प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस ने 15 हजार का इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गये इनामी आरोपी का नाम पुण्यपाल पुत्र भूपत सिंह निवासी ग्राम असऊपुरा मजरा गुर्जा बताया गया। जामातलाशी के दौरान आरोपी के पास एक अदद तमंचा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुये। पुलिस टीम में उप-निरीक्षक प्रवीन कुमार, हेड कॉस्टबल नरेन्द्र सिंह, सन्दीप कुमार, मनीष कुमार शुभम तिवारी, पुष्पेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

जनपद–जालौन

# चेकिंग के दौरान बाइक समेत चोर गिरफ्तार

जासं, उरई : पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में जा रहे बाइक चोर को चेकिंग के दौरान पकड़ लिया।

एट पुलिस ने हरिहर धाम पिंडारी के पास से एक बाइक चोर को पकड़ लिया। जिसके पास से पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद की है। एट थानाध्यक्ष कामता प्रसाद ने बताया कि बाइक चोर ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम आमिर खान निवासी धमसैनी बताया है। बरामद बाइक कोटरा के ग्राम छिरावली निवासी रामकरन की है। जो पहले चोरी हो गई थी।

Twitter id:- @rangejhansi

## कार्यालय पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी।

पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी जोगेन्द्र कुमार के कुशल निर्देशन में झाँसी परिक्षेत्र के अधीनस्थ जनपद झाँसी द्वारा किये गये सराहनीय कार्य व घटनाओं के अनावरण का दैनिक समाचार पत्रों में प्रमुखता से किया गया प्रकाशनः—

जनपद—झाँसी

# होशियार : थर्ड पार्टी मोबाइल फोन ऐप से चोरी हुआ डेटा बन रहा है अपराधियों का हथियार




**मोबाइल फोन ऐप अन इस्टॉल करने के बाद भी डेटा का हो रहा है इस्तेमाल**

**पुलिस ने भी जारी किया अलर्ट, साइबर अपराधियों के निशाने पर हैं पेंशनर**

**झाँसी** : हर दिन अपराध के नये तरीके इस्तेमाल कर लोगो को ठगने वाले साइबर अपराधियों ने ठगी का ऐसा जाल बिछा रखा है, जिसमें आपकी जरा-सी चूक हुई तो इसमें फँसना तय मानिए। यदि आप सचेत रहकर इण्टरनेट से चलने वाले गैजेट का इस्तेमाल करते है तो साइबर फ्रॉड होने की सम्भावना न के बराबर रह जाती है। इन दिनों साइबर अपराधियों के निशाने पर वह लोग है, जो कोई भी मोबाइल फोन ऐप डाउनलोड कर फिर उसे अन-इस्टॉल कर यह सोचकर निश्चिन्त हो जाते है कि उन्होंने वह ऐप मोबाइल फोन से हटा दिया है। वहीं आपको बता दे कि ऐप अन-इस्टॉल कर देने भर से आपका डेटा सुरक्षित नहीं हो रहा है। इसे आपको पूरी तरह से अपने मोबाइल फोन से हटाना होगा।

### ऐसे सुरक्षित करें थर्ड पार्टी ऐप से अपना डेटा

- सन्दिग्ध ऐप को अन-इस्टॉल करने मात्र से काम नहीं चलता है।
- ऐप अन-इस्टॉल करने के बाद उसे अपने फोन की सेटिंग से भी हटाए।
- सबसे पहले मोबाइल फोन की सेटिंग मे जाकर 'गूगल सर्विस' पर क्लिक करें।
- वहाँ फिर 'सेटिंग फॉर गूगल ऐप्स' पर क्लिक करें।
- वहाँ 'कनेक्टेड ऐप्स' पर क्लिक करें।
- वहाँ फिर 'थर्ड पार्टी' ऐप की लिस्ट खुलेगी, जिसे आप अपने फोन से डिसकनेक्ट कर सकते है।
- वहाँ ऐप पर क्लिक करते ही अन्तिम ऑप्शन मे 'डिलीट ऑल कनेक्शन' पर क्लिक करते ही उस थर्ड पार्टी ऐप का कनेक्शन आपके फोन से कट जाएगा।

पिछले दिनों झाँसी साइबर अपराध शाखा ने एक पत्र के माध्यम से अलर्ट जारी किया है। इस पत्र के अनुसार साइबर अपराधियों के निशाने पर इस समय देश के पेंशनर है, जिनके पास पेंशनर का पीपीओ (पेंशन पेमेन्ट ऑर्डर), नाम-पता, नियुक्ति तिथि, सेवानिवृत्ति की तिथि, आधार कार्ड, ईमेल, प्रोविडेन्ट फण्ड की डिटेल, मासिक पेंशन डिटेल और नॉमिनी का नाम सहित अन्य जानकारी मौजूद है। इसी जानकारी का इस्तेमाल कर साइबर अपराधी पेंशनर को फोन कॉल कर रहे है। आपकी इतनी महत्वपूर्ण जानकारी उनके पास इसलिए है क्यों कि आपका महत्वपूर्ण डेटा साइबर अपराधी चोरी कर रहे है। यह सब मोबाइल फोन की सेटिंग में मौजूद सॉफ्टवेयर की सम्पूर्ण जानकारी न होने के कारण हो रहा है। 90 प्रतिशत से अधिक लोग जो मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते है, उन्हे इस बात की जानकारी नहीं है कि वह जिस ऐप को मोबाइल फोन से अन-इस्टॉल कर वह सोचकर निश्चिन्त है कि उन्हे कोई नुकसान नहीं होगा। उनकी यही अधूरी जानकारी मोबाइल फोन मे मौजूद उनका सभी डेटा चोरी करवा देती है। बता दे कि थर्ड पार्टी ऐप वह ऐप होते है जो आप अपने मोबाइल फोन में अलग से डाउनलोड करते है। मोबाइल फोन में ऐप एक्टिव करते हुए आपसे अपना डेटा इस्तेमाल करने सहित अन्य परमिशन माँगी जाती है।

**इन्होंने कहा**



'पेंशन निदेशालय पेंशनर का जीवन प्रमाण पत्र अपडेट करने या जानकारी लेने के लिए कॉल नहीं करता है। पेंशनर किसी भी अंजान थर्ड पार्टी ऐप का प्रयोग न करें। पेंशन को लेकर आने वाले फर्जी कॉल से बचें और इसकी जानकारी साइबर क्राइम सेल को दें।

● ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह
एसपी सिटी (झाँसी)

Twitter id:- @rangejhansi

**कार्यालय पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी।**

**पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी जोगेन्द्र कुमार के कुशल निर्देशन में झाँसी परिक्षेत्र के अधीनस्थ जनपद ललितपुर द्वारा किये गये सराहनीय कार्य व घटनाओं के अनावरण का दैनिक समाचार पत्रों में प्रमुखता से किया गया प्रकाशनः–**

जनपद–ललितपुर

# हत्या के चार आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

तालबेहट,संवाददाता। शनिवार को कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत म्यांव में जमीनी रंजिश को लेकर गांव निवासी राघवेंद्र सिंह पुत्र राजा ठाकुर की हत्या के मामले में रविवार को कोतवाली पुलिस ने एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

सीओ कुलदीप सिंह के निर्देशन व कोतवाल विनोद मिश्र के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस हत्या में वांछित सभी आरोपितों की तलाश कर रही थी। तभी मुखबिर खास से सूचना मिली कि मुकदमा से सम्बन्धित जिन तीनों अभियुक्तगणों की पुलिस को तलाश है वह ग्राम म्याव में शिशुपाल सिंह के घर पर मौजूद है। वह कहीं जाने की फिराक में है। यदि शीघ्रता से कार्रवाई की जाए तो आरोपित पकड़े जा सकते हैं। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मय पुलिस बल के ग्राम म्यांव में अभियुक्त शिशुपाल के घर मौजूद अभियुक्तगण शिशुपाल सिंह पुत्र फेरन सिंह, मनोहर सिंह पुत्र स्वर्गीय गोपाल सिंह, राजबहादुर सिंह पुत्र पंचम सिंह तथा बृजेश राजा पुत्री पंचम सिंह निवासीगण ग्राम म्यांव को गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त दो लाठी, एक अदद पत्थर बरामद किया गया।



पकड़े गए हत्या आरोपित। • हिन्दुस्तान

जनपद–ललितपुर

## हत्यारोपी चाचा सहित चार आरोपियों को भेजा जेल

अमर उजाला फॉलोअप

### जमीन के विवाद में भतीजे को पीट-पीटकर मार डाला था

तालबेहट। कोतवाली क्षेत्र के गांव म्याव के मजरा बीधिल वारा निवासी भतीजे राघवेंद्र सिंह की लाठी डंडों से हत्या करने के आरोपी चाचा मनोहर सिंह सहित चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने हत्यारोपियों की निशानदेही पर आलाकत्ल बरामद कर लिए।

गांव में तीन सगे भाइयों के मध्य जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को इसी विवाद को लेकर बीते दिन गांव लौट रहे राघवेंद्र सिंह को उसके चाचा मनोहर सिंह सहित उनके परिजनों ने रोककर लाठी डंडों से पीटते हुए मौत के घाट उतार दिया था।

इस मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने दो महिलाओं सहित नौ लोगों के खिलाफ हत्या व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।

कोतवाल विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि हत्यारोपी शिशुपाल सिंह, मनोहर सिंह, राजबहादुर सिंह और बृजेश राजा निवासीगण ग्राम म्याव थाना तालबेहट को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। अन्य पांच आरोपियों की तलाश को लेकर टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं

# पुलिस ने इनामी बदमाश को दबोचा

तालबेहट,संवाददाता। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित आरोपियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने 15 हजार के इनामी बदमाश को मुखबिर की सूचना पर दबोचा लिया। जिसके पास से पुलिस ने एक अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

सीओ कुलदीप सिंह अहलावत के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में तेरई फाटक चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक प्रवीण गिरी हमराहों के साथ शनिवार रात्रि वांछित आरोपितों की तलाश कर रहे थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि मारपीट, हमला व हरिजन एक्ट में वांछित आरोपित पुण्य पाल सिंह निवासी असरूपुरा घर जाने के लिए राजमार्ग 44 स्थित नयाखेड़ा पुलिया पर बैठा है। मुखबिर की सूचना पर भरोसा कर पुलिस टीम ने बताए स्थान पर दबिश दी और हल्का बल प्रयोग कर पुलिया के पास बैठे पुण्य प्रताप सिंह उर्फ पुण्य पाल पुत्र भूपत सिंह निवासी असरूपुरा मजरा गुर्जा को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश के पास से पुलिस ने एक अदद तमंचा 315 बोर व 2 जिंदा कारतूस बरामद किये।

Twitter id:- @rangejhansi

## कार्यालय पुलिस उपमहानिरीक्षक, झॉसी परिक्षेत्र, झॉसी।

पुलिस उपमहानिरीक्षक, झॉसी परिक्षेत्र, झॉसी जोगेन्द्र कुमार के कुशल निर्देशन में झॉसी परिक्षेत्र के अधीनस्थ जनपद ललितपुर/जालौन/झॉसी द्वारा किये गये सराहनीय कार्य व घटनाओं के अनावरण का दैनिक समाचार पत्रों में प्रमुखता से किया गया प्रकाशनः–

### जनपद–ललितपुर

# 24 घण्टे में ही पुलिस ने धर दबोचे हत्या के 4 आरोपी

- एसपी ने दिये थे निर्देश, अन्य की तलाश जारी
- बीते रोज तालबेहट के ग्राम म्याव में जमीनी विवाद में हुयी थी युवक की हत्या



तालबेहट : पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

तालबेहट (ललितपुर) : बीते रोज तालबेहट क्षेत्र के ग्राम म्याव में जमीन बँटवारे के विवाद को लेकर परिवार के ही कुछ लोगों ने युवक की हत्या कर दी थी। मामले की गम्भीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक मुश्ताक अहमद खुद मौके पर पहुँचे थे और मौका मुआयना कर परिजनों को न्याय का भरोसा दिलाया था। मृतक की भाई की तहरीर पर एसपी ने 9 आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराते हुये आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के कड़े निर्देश दिये थे। मामला दर्ज होने के बाद एसपी के निर्देशन में तालबेहट पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र के नेतृत्व में आरोपियों की धरपकड़ के लिये निरंतर दबिश दे रही थी। पुलिस ने महज 24 घण्टे में हत्या के चार आरोपियों को आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर लिया। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पकड़े गये आरोपियों के नाम शिशुपाल सिंह पुत्र फेरन सिंह, मनोहर सिंह पुत्र स्व गोपाल सिंह, राजबहादुर सिंह पुत्र पदम सिंह व पुलेश राजा पुत्री पदम सिंह बताये गये। पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायालय भेज दिया। पुलिस टीम में वरिष्ठ उप-निरीक्षक हरिनाथ सिंह, उप-निरीक्षक देवराज मौर्य, कॉन्स्टेबल मनीष कुमार, महिला कॉन्स्टेबल ममता आदि शामिल रहे।

### जनपद–जालौन

# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

एट। थाना प्रभारी एट ने बाहर हरिहर धाम पिंडारी के पास से बाइक सहित युवक को पकड़ा। रविवार को एट थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के पिंडारी मार्ग में हरिहर धाम के समीप वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक पर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित से चोरी की बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त आमिर खान निवासी धमसैनी थाना एट जालौन का रहने वाला है। एट थाना प्रभारी कामता प्रसाद ने बताया बाइक बरामद की और अभियुक्त के खिलाफ आधा दर्जन चोरी, जुआ व मादक पदार्थ की अवैध तस्करी के मामले दर्ज है।

### जनपद–झॉसी

# आत्महत्या को उकसाने का आरोपी पकड़ा

झांसी। रविवार को रक्सा थाना पुलिस ने महिला को आत्म हत्या के लिए उकसाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। नयाखेड़ा ढिकौली निवासी प्रदीप सिंह राजपूत की पत्नी किरण राजपूत (38) ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था। शुक्रवार को उसकी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इनमें से एक आरोपी कालका उर्फ कल्ला राजपूत को रक्सा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

Twitter id:- @rangejhansi